खास-खबरें

स्तनपान शिशु के साथ माता के स्वास्थ्य के भी अनुकूल

नईदुनिया, प्रतिनिधि, विदिशाः स्थानीय राजमाता विजयाराजे सिंधिया शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य के मार्गदर्शन में गृह विज्ञान विभाग द्वारा विश्व स्तनपान सप्ताह के कार्यक्रम का आरम्भ किया गया। इस आयोजन के प्रथम दिवस महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बीडी अहिरवार ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए स्तनपान के महत्त्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्तनपान न केवल शिशु के पोषण के लिए आवश्यक है, बल्कि यह माता के स्वास्थ्य के भी अनुकूल होता है। कार्यक्रम में डॉ. संध्या जैन, डॉ. राजुला अल्बर्ट, प्रो. रवि रंजन ने स्तनपान की आवश्यकता पर व्याख्यान दिए। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं के मध्य पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें चैंतीस छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

विमला प्रकाश पुंज फांउडेशन को व्हील चेयर भेंट

नईदुनिया, प्रतिनिधि, मंदसौरः नगर की सामाजिक संस्था विमला प्रकाश पुंज फांउडेशन जो जरूरतमंदों को मेडिकल उपकरण निशुल्क उपलब्ध करवाती है। उक्त संस्था के कार्यो से प्रभावित होकर मंदसौर जिले के ग्राम नौगांवा के लक्ष्मीकांत शर्मा ने सावन सोमवार के पावन अवसर पर 3 अगस्त को संस्था को एक व्हील चेयर भेंट की। उल्लेखनीय है कि विमला प्रकाश पुंज फांउडेशन के संचालक नगर के प्रसिद्ध समाजसेवी सीए प्रतिक डोसी है जिनकी संस्था जरूरतमंदों को निशुल्क मेडीकल उपकरण उपलब्ध करवाती है जिसमें मेडीकल बेड, ऑक्सीजन सिलेण्डर, वॉकर, व्हील चेयर आदि सामान निशुल्क उपलब्ध करवाया जाता है। संस्था के कार्यो से प्रभावित होकर सोमवार को ग्राम नौगांवा के लक्ष्मीकांत शर्मा ने संस्था को व्हील चेयर भेंट की है। संस्था ने श्री शर्मा का आभार व्यक्त किया।

नवांकुर विद्यापीठ में धूमधाम से मनाया गया गुरु पूर्णिमा उत्सव

नईदुनिया, प्रतिनिधि, गंजबासौदाः नवांकुर विद्यापीठ में गुरु पूर्णिमा उत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने गुरु के प्रति अपनी श्रद्धा और सम्मान को गीत, कविता, चित्रकला तथा लघु नाटकों के माध्यम से अभिव्यक्त किया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त शिक्षक शैलेंद्र कुमार पिंगले, राजेंद्र यादव, रवि चतुर्वेदी, शिवचरण श्रीवास्तव, शिक्षिका रेनू श्रीवास्तव तथा रामकली नामदेव विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार ने सभी अतिथियों का सम्मान उपहार भेंट कर किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने गुरु के महत्व पर स्वरचित रचनाएं प्रस्तुत कीं। चित्रकला और रचनात्मक प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तीन-तीन छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। विद्यालय के संचालक शैलेंद्र कुमार दीक्षित, प्राचार्य संदीप कुमार रावत, पहलवान सिंह राजपूत, केशव लाहौरी, शंभू सिंह रघुवंशी सहित समस्त शिक्षकगण कार्यक्रम में मौजूद रहे। अतिथियों और शिक्षकों ने विद्यार्थियों को गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व पर प्रेरणादायी संबोधन दिया।

दतिया उपचुनाव में कांग्रेस की जीत पर चंदेरी में जश्न, कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाई

नईदुनिया प्रतिनिधि, चंदेरीः दतिया विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस की जीत पर सोमवार को चंदेरी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। पूर्व विधायक गोपाल सिंह चौहान की मौजूदगी में कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़े और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की खुशी साझा की। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विवेक भार्गव ने कहा कि दतिया उपचुनाव का परिणाम जनता के बदलते राजनीतिक रुझान का संकेत है। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश और देश में कांग्रेस के पक्ष में माहौल बन रहा है। साथ ही बिहार के बांकीपुर उपचुनाव का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि वहां के परिणाम भी भाजपा के लिए संदेश हैं। विवेक भार्गव ने विश्वास जताया कि आने वाले समय में कांग्रेस और मजबूत होगी तथा केंद्र में राहुल गांधी के नेतृत्व में सरकार बनने की संभावना है। यह उनके व्यक्तिगत राजनीतिक विचार हैं। कार्यक्रम में पूर्व विधायक गोपाल सिंह चौहान ने भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जीत की बधाई देते हुए संगठन को और मजबूत बनाने का आह्वान किया।

सावन के पहले सोमवार को महाकालमय हुई उज्जैन

दो दिन में 8 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैनः सावन मास के पहले सोमवार पर धर्मनगरी उज्जैन पूरी तरह शिवमय हो गई। अलसुबह बाबा महाकाल की दिव्य भस्मारती में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ा, वहीं शाम को भगवान महाकाल राजाधिराज स्वरूप में चांदी की पालकी पर सवार होकर परंपरागत मार्ग से नगर भ्रमण पर निकले। सवारी के दौरान पुलिस जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया और पूरे मार्ग पर श्रद्धालुओं ने 'हर-हर महादेव' के जयकारों से वातावरण गुंजायमान कर दिया।

रविवार रात से ही महाकालेश्वर मंदिर के बाहर श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई थीं। भस्मारती में महानिर्वाणी अखाड़े की ओर से भस्म अर्पित की गई, जिसके बाद पंचामृत अभिषेक कर बाबा का भांग, चंदन, सूखे मेवे और आभूषणों से भव्य राजाधिराज स्वरूप में श्रृंगार किया गया। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह और मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक ने स्वयं व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। शाम चार बजे महाकाल की शाही सवारी मंदिर से निकली। सवारी महाकाल चौराहा, गुदरी, बक्षी बाजार, कहारवाड़ी होते हुए रामघाट पहुंची, जहां मां क्षिप्रा के जल से भगवान का अभिषेक और पूजन किया गया। इसके बाद सवारी पारंपरिक मार्ग से होते हुए पुनः मंदिर पहुंची। प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह भी सवारी में शामिल हुए और भजन-कीर्तन में सहभागी बने।

कलेक्टर के अनुसार रविवार को 4 लाख से अधिक और सोमवार को भी लगभग 4 लाख श्रद्धालुओं ने बाबा महाकाल के दर्शन किए। इस प्रकार दो दिनों में दर्शनार्थियों की संख्या 8 लाख से अधिक पहुंच गई। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सवारी मार्ग पर एलईडी और लाइव प्रसारण की व्यवस्था की गई। वहीं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर शहर के प्रमुख मार्गों पर प्रतिदिन चार से पांच हजार कांवड़ यात्रियों के लिए निःशुल्क सात्विक भोजन प्रसादी की व्यवस्था भी की गई है। रामघाट पर 1100 वैदिक बटुकों के मंत्रोच्चार ने पूरे आयोजन को आध्यात्मिक वातावरण से सराबोर कर दिया।

सीवन से कुबेरेश्वरधाम तक उमड़ा आस्था का महासागर

नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः सावन मास के पहले सोमवार पर शहर से लेकर कुबेरेश्वरधाम तक आस्था और भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। सीवन नदी के तट से कुबेरेश्वरधाम तक भव्य कांवड़ यात्रा में देशभर से आए कांवड़ यात्रियों और शिवभक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह करीब चार बजे से देर रात तक सीवन नदी तट पर श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सीवन नदी से पवित्र जल भरकर करीब 11 किलोमीटर की पदयात्रा करते हुए कुबेरेश्वरधाम पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया। सावन के पहले सोमवार पर शहर के सीवन नदी तट से लेकर कुबेरेश्वरधाम तक पूरा मार्ग हर-हर महादेव और श्री शिवाय नमस्तुभ्यं के जयघोष से गूंजता रहा। बारिश और उमस के बीच भी श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हुआ। महिलाएं, पुरुष, युवा और बुजुर्ग सभी भगवान शिव की भक्ति में लीन नजर आए।

कांवड़ यात्रियों की सेवा में जुटे सेवादारः कांवड़ यात्रियों की सुविधा के लिए सीवन नदी से कुबेरेश्वरधाम तक जगह-जगह सेवा पंडाल लगाए गए। इन पंडालों में श्रद्धालुओं के लिए चाय, फलाहार, पेयजल एवं भोजन की निःशुल्क व्यवस्था की गई। स्थानीय समाजसेवियों, धार्मिक संगठनों और शिवभक्तों ने पूरे सेवाभाव के साथ कांवड़ यात्रियों का स्वागत किया। कांवड़ यात्रा में शामिल होने के लिए देश के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालु सीवन नदी तट पहुंचे। लगातार बढ़ती श्रद्धालुओं की संख्या के कारण सीवन नदी तट और कुबेरेश्वरधाम के आसपास का क्षेत्र धार्मिक उत्सव के रूप में नजर आया।

शहरवासियों का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा द्वारा सीवन नदी तट से कुबेरेश्वरधाम तक कांवड़ यात्रा और शिवभक्ति को लेकर किए जा रहे आह्वान के

कारण देश के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालु यहां पहुंच रहे हैं। सीवन नदी तट अब बड़ी संख्या में शिवभक्तों के लिए धार्मिक आस्था के प्रमुख केंद्र के रूप में पहचान बना रहा है। पंडित प्रदीप मिश्रा ने शिवभक्तों को संदेश देते हुए कहा कि पूरे वर्ष भगवान शिव को एक लोटा जल अर्पित करना चाहिए, वहीं सावन मास में दो लोटा जल से भगवान शिव का अभिषेक करें। उन्होंने कहा कि भगवान की पूजा-अर्चना सच्चे विश्वास और श्रद्धा के साथ करने से जीवन में सुख-समृद्धि का वास होता है।

घर बैठे ऑनलाइन शिव महापुराण कथा का श्रवण करें: ऑनलाइन कथा के दौरान पंडित प्रदीप मिश्रा ने देशभर के शिवभक्तों से अपील की कि वे अपने-अपने घरों पर ऑनलाइन श्री कांवड़ शिव महापुराण कथा का श्रवण करें। सावन मास के अवसर पर पांच दिवसीय ऑनलाइन शिव महापुराण कथा का शुभारंभ किया गया है, जिसमें शिवभक्ति और भगवान शिव की महिमा से जुड़े प्रसंगों का श्रवण कराया जा रहा है। विठ्ठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि सावन के पहले सोमवार को डेढ़ लाख से अधिक श्रद्धालु कुबेरेश्वरधाम पहुंचे। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन और समिति द्वारा सुरक्षा, यातायात, पेयजल, चिकित्सा सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की गईं।

समय सीमा, मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान सहित विभिन्न विभागीय कार्यों की कलेक्टर ने की व्यापक समीक्षा

नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशा : कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने समय-सीमा बैठक में मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान की तैयारियों की व्यापक समीक्षा करते हुए सभी विभागों को समन्वित और प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। इस बैठक में शिक्षा, कृषि, स्वास्थ्य, राजस्व, राशन, डेंगू-मलेरिया नियंत्रण, पीएम फसल बीमा योजना, परिवहन, खनिज और अन्य विभागों के कार्यों की भी समीक्षा हुई। जिले में डेंगू एवं मलेरिया की रोकथाम को लेकर दोनों बीमारियों की वर्तमान स्थिति तथा नियंत्रण के लिए किए जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने खनिज और जिला परिवहन विभाग को नियमित रूप से क्षेत्र में सघन भ्रमण कर जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने आरटीओ को निर्देशित किया कि वह प्रतिदिन वाहनों की चेकिंग करें। जिले में कहीं भी अनफिट बसें संचालित ना हों यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा को ध्यानगत रखते हुए जिले में संचालित बसों की फिटनेस पर ध्यान दें।

उन्होंने राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, महिला एवं बाल विकास, कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, स्वास्थ्य, शिक्षा, विद्युत, खाद्य, सामाजिक न्याय, श्रम, वन, जनजातीय कार्य, सहकारिता, नगर एवं ग्रामीण विकास सहित विभिन्न विभागों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की।

रायसेन के जंगल में जीजा-साली के शव मिले

रविवार शाम बाइक से निकले थे दोनों, परिजनों के विरोध की बात सामने आई

नईदुनिया प्रतिनिधि, रायसेनः जिले के बाड़ी क्षेत्र में सोमवार सुबह जंगल में एक पेड़ से जीजा और साली के शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। प्रारंभिक जांच में मामला प्रेम संबंध और पारिवारिक विरोध से जुड़ा होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

दोनों की पहचान सिलवानी क्षेत्र निवासी रुपेश कुशवाह (38) और पिंकी कुशवाह के रूप में हुई है। बाड़ी क्षेत्र के नागिन मोड़ स्थित पीपल वाले जंगल से सोमवार सुबह गुजर रहे लोगों ने एक पेड़ पर युवक और युवती के शव देखे। पास में एक बाइक खड़ी थी। राहगीरों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची बाड़ी और सुल्तानपुर थाना पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक कार्रवाई के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस के अनुसार, सिलवानी थाना क्षेत्र की जैतहरी चौकी अंतर्गत बिकलपुर निवासी रुपेश

कुशवाह रविवार दोपहर अपनी साली पिंकी कुशवाह को लेने पाठा पौड़ी गांव गए थे। इसके बाद दोनों बाइक से घर से निकले, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटे। परिजनों ने तलाश करने के बाद रात करीब एक बजे सिलवानी थाने में दोनों के लापता होने की सूचना दी थी। सोमवार सुबह जंगल में बाइक मिलने के बाद दोनों की पहचान हो सकी।

प्रेम संबंध की जांच कर रही पुलिसः प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि रुपेश और पिंकी के बीच संबंधों को लेकर परिवार में विरोध था। पुलिस इसी पहलू को ध्यान में रखते हुए जांच आगे बढ़ा रही है। हालांकि पुलिस अधिकारियों का कहना है कि घटना के सभी संभावित कारणों की पड़ताल की जा रही है। बताया गया है कि पिंकी कुशवाह का विवाह पहले हो चुका था। ग्रामीणों के अनुसार, उनकी पारिवारिक परिस्थितियों को लेकर भी पुलिस जानकारी जुटा रही है।

पुलिस ने कहा- हर पहलू से होगी जांचः बाड़ी एसडीओपी नीलम चौधरी ने बताया कि सोमवार सुबह जंगल में महिला और पुरुष के शव मिलने की सूचना मिली थी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। प्रथम दृष्टया मामला पारिवारिक विरोध और संबंधों से जुड़ा प्रतीत हो रहा है, लेकिन जांच पूरी होने के बाद ही वास्तविक कारण स्पष्ट हो सकेंगे। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल से मिले साक्ष्यों और परिजनों के बयानों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

मूंग खरीदी व्यवस्था चरमराई, 200 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के साथ किसानों ने किया चक्का जाम

नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदाः जिले में मूंग उपार्जन व्यवस्था की अव्यवस्था सोमवार को खुलकर सामने आई, जब वेयरहाउस में जगह नहीं मिलने और खरीदी प्रभावित होने से नाराज किसानों ने भादाकुई-सीहोर मुख्य मार्ग पर चक्का जाम कर दिया। करीब 200 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के साथ किसानों ने लगभग तीन घंटे तक सड़क जाम रखी, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

जानकारी के अनुसार भादाकुई स्थित शिवांश वेयरहाउस पूरी तरह भर चुका है। शनिवार और रविवार को अवकाश के कारण खरीदी बंद रही, जबकि सोमवार को भी तुलाई शुरू नहीं हो सकी। इससे पहले से स्लॉट बुक करा चुके किसानों को भी अपनी उपज लेकर सड़क पर इंतजार करना पड़ा और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की

कतार मुख्य मार्ग तक पहुंच गई। प्रदर्शन कर रहे किसानों ने पास स्थित ओम साईं वेयरहाउस में खरीदी शुरू कराने की मांग की। सूचना मिलने पर एसडीएम सुधीर कुशवाह मौके पर पहुंचे। उन्होंने पहले वासुदेव स्थित वेयरहाउस में तुलाई कराने का प्रस्ताव दिया, लेकिन किसानों ने इसे अस्वीकार कर दिया। बाद में प्रशासन ने भादाकुई सेवा सहकारी समिति का खरीदी केंद्र बीजला स्थित पवन पुत्र वेयरहाउस में स्थानांतरित करने का निर्णय लिया। इसके बाद किसानों ने आंदोलन समाप्त किया और यातायात सामान्य हो सका।

हालांकि वेयरहाउस की समस्या का अस्थायी समाधान होने के बावजूद स्लॉट समाप्त होने की समस्या बरकरार है। कई किसानों के पास टोकन होने के बावजूद पोर्टल पर स्लॉट दोबारा सक्रिय नहीं होने से बिल जनरेट नहीं हो पा रहे हैं और तुलाई अटकी हुई है।

घटनास्थल पर एसडीएम सुधीर कुशवाह, तहसीलदार सौरभ शर्मा, नायब तहसीलदार रामदास गोरले, थाना प्रभारी घनश्याम दांगी सहित प्रशासन और पुलिस का अमला मौजूद रहा।

पीथमपुर में अवैध फ्लेक्स-होर्डिंग हटाने की मांग

पीथमपुर। शहर के प्रमुख चौराहों, पुलों और सार्वजनिक स्थानों पर लगाए जा रहे अवैध फ्लेक्स और होर्डिंग को लेकर नागरिकों ने नगर परिषद से कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि महू-नीमच मार्ग, आईसर चौराहा ब्रिज, महाराणा प्रताप बस स्टैंड, सीसी पावर चौराहा सहित कई स्थानों पर बिना अनुमति राजनीतिक और व्यक्तिगत प्रचार से जुड़े फ्लेक्स लगाए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जन्मदिन, जयंती, नेताओं के आगमन और अन्य आयोजनों के नाम पर शासकीय भवनों, विद्युत खंभों, पुलों और सार्वजनिक संपत्तियों पर बड़े पैमाने पर फ्लेक्स लगाए जाते हैं, जिससे शहर की सुंदरता प्रभावित होती है और यातायात सुरक्षा पर भी असर पड़ता है। नागरिकों ने बताया कि सार्वजनिक स्थानों पर अवैध होर्डिंग और फ्लेक्स लगाने के संबंध में न्यायालयों की ओर से भी समय-समय पर दिशा-निर्देश जारी किए जा चुके हैं।

अखिल भारतीय अखंड रघुवंशी क्षत्रिय महापरिषद ने मनाया हरियाली महोत्सव

नईदुनिया प्रतिनिधि, गंजबासौदाः अखिल भारतीय अखंड रघुवंशी क्षत्रिय महापरिषद की जिला महिला विंग के तत्वावधान में ग्यारसपुर में हरियाली महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण, समाज सेवा और महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया गया। जिलेभर से पहुंचीं करीब 90 महिलाओं ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और मंगलाचरण के साथ हुआ। इस दौरान सभी अतिथियों और महिला सदस्यों ने पौधे लगाकर उनके संरक्षण का भी संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि केवल पौधारोपण करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि पौधों की देखभाल और संरक्षण भी प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है।

आयोजन के दौरान तरफदार गजेंद्र सिंह रघुवंशी ने ऐतिहासिक किले की जानकारी साझा की।

इसके बाद आयोजित विचार गोष्ठी में समाज सुधार, महिला नेतृत्व, शिक्षा, संस्कार और प्रकृति संरक्षण जैसे विषयों पर चर्चा की गई।

महिलाओं ने सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने, बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देने तथा समाज में समरसता और सहयोग की भावना विकसित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में नगर की महिला पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भी सक्रिय भागीदारी निभाते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

सुसाइड वीडियो के आधार पर तीन और आरोपी गिरफ्तार, चारों न्यायिक हिरासत में

नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदाः गोपालपुर थाना क्षेत्र के किशनपुर गांव में आत्महत्या के मामले में पुलिस ने तीन और आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। इससे पहले एक आरोपी की गिरफ्तारी हो चुकी थी। अब इस प्रकरण में नामजद चारों आरोपी जेल में हैं।

पुलिस के अनुसार किशनपुर निवासी मनीष पंवार ने आत्महत्या से पहले एक वीडियो बनाया था। वीडियो में उसने कीर्तन यादव, अंकिता पंवार, संध्या यादव और राहुल पारले के नाम लेते हुए उनसे प्रताड़ित होने और इसी कारण आत्महत्या करने की बात कही थी। वीडियो, परिजनों के बयान और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर गोपालपुर थाना पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण सहित संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पहले राहुल पारले को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। इसके बाद पुलिस

ने 2 अगस्त को कीर्तन यादव, अंकिता पंवार और संध्या यादव को गिरफ्तार किया। सोमवार को तीनों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे तथा एसडीओपी रोशन कुमार जैन के निर्देशन में थाना प्रभारी महेन्द्र सिंह गौड़ के नेतृत्व में की गई। पुलिस ने बताया कि मामले की विवेचना जारी है।

अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला मंडल का सावन मेला 6 को

सीहोर। सावन माह के पावन अवसर पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला मंडल के तत्वावधान में भव्य सावन मेले का आयोजन आगामी 6 अगस्त को किया जाएगा। शहर के सोनी मंदिर परिसर में आयोजित होने वाले इस मेले को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। मेले में विभिन्न प्रकार के व्यंजनों, खान-पान एवं अन्य उपयोगी सामग्री के 40 से अधिक स्टॉल लगाए जाएंगे। सभी स्टॉलों की बुकिंग पहले ही पूरी हो चुकी है। मंडल की अध्यक्ष मंजू शैलेष अग्रवाल ने बताया कि अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला मंडल द्वारा वर्ष 2010 से निरंतर सावन मेले का आयोजन किया जा रहा है।

पटवारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू

नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदाः मध्यप्रदेश पटवारी संघ के आह्वान पर सोमवार से शुरू हुई अनिश्चितकालीन हड़ताल का असर भैरूंदा तहसील में भी दिखाई देने लगा है। पांच सूत्रीय मांगों पर सरकार से सहमति नहीं बनने के बाद तहसील के सभी पटवारियों ने कामकाज का बहिष्कार करते हुए हड़ताल शुरू कर दी। इस संबंध में तहसीलदार को लिखित सूचना भी सौंप दी गई है।

हड़ताल के चलते नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, फसल गिरदावरी, राजस्व अभिलेखों में संशोधन, ऋण पुस्तिका सहित किसानों और आम नागरिकों से जुड़े कई महत्वपूर्ण राजस्व कार्य प्रभावित हो गए हैं। यदि हड़ताल

लंबी चली तो लंबित प्रकरणों की संख्या बढ़ने की आशंका है।

पटवारी संघ के अनुसार 20 जुलाई को शासन के नाम पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया था। इसके बाद चरणबद्ध आंदोलन भी किया गया, लेकिन मांगों पर कोई ठोस निर्णय नहीं होने के कारण प्रदेश संगठन के निर्देश पर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की गई है।

तहसील अध्यक्ष रामनिवास पंवार के नेतृत्व में जिला मंत्री संजय राठौर सहित सभी पटवारियों ने हड़ताल में भाग लिया। संघ ने स्पष्ट किया है कि जब तक शासन उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लेता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

राजस्व सेवाएं प्रभावित होने से किसानों, ग्रामीणों और भूमि संबंधी प्रकरणों के आवेदकों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। अब सभी की निगाहें प्रदेश सरकार और पटवारी संघ के बीच संभावित वार्ता पर टिकी हैं।